(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान उपलब्धियां नीचे दी गयी हैं :—

कार्य का नाम	1984–85	1985–86	1986–87
1. खोले गए लंबी दूरी के सार्वजनिक टेलीफोन-घर	2709	1509	1558
2. खोले गए छोटे एक्सचेंज	654	678	813

पेट्रोल पम्पों द्वारा पेट्रोल कम माप में दिया जाना

1223. **श्री सुरेश पचौरी** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पेट्रोल पम्पों द्वारा पेट्रोल कम माप से दिये जाने से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस संबंध में क्या कदम उठाये है ; और

(ग) क्या सरकार सभी पेट्रोल पम्पों पर इलेक्ट्रानिक डिजिटल मीटरों की स्थापना करना अनिवार्य बनायेगी ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में उपमंत्री (श्री रफीक आलम) : (क) पेट्रोल पम्पों द्वारा कम पेट्रोल मापने के संबंध में शिकायतें प्रायः मिलती रही हैं ।

(ख) तेल कम्पनियों तथा तोल एवं माप विभाग वाले पेट्रोल पम्पो पर नियमित रूप से अचानक छापे मारते/निरीक्षण करते रहते हैं और दोषी पाए जाने वाले पेट्रोल पम्पों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाती है ।

(ग) जी, नही ।

इलाहाबाद, मिर्जापुर और फतेहपुर जिलों में रसोई गैस कनैक्शन के लिए पंजीकरण

1224. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 15 फरवरी, 1988 तक उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद, मिर्जापुर और फतेहपुर जिलों में रसोई गैस कनैक्शन की सप्लाई हेतु कितने व्यक्तियों ने पंजीकरण कराया है ; और

(ख) उन्हें रसोई गैस कनेक्शन कब तक मिलने की संभावना है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में उपमंत्री (श्री रफीक आलम) : (क) 15 फरवरी, 1988 तक एल० पी० जी० कनेक्शनों के लिए अपना नाम दर्ज कराने वाले व्यक्तियों की संख्या इस प्रकार है :—

इलाहाबाद	31,300
मिर्जापुर	4,885
फतेहपुर	4,874

(ख) एल० पी० जी० की उपलब्धता तथा बाटलिंग क्षमता में वृद्धि होने पर तेल उद्योग द्वारा इलाहाबाद, मिर्जापुर और फतेहपुर सहित पूरे देश में चरणबद्ध रूप से अपने वार्षिक एवं उपभोक्ता नामांकन कार्यक्रम के अंतर्गत नए कनेक्शन जारी किए जाते हैं ।

रसोई गैस सिलिंडरों की कालाबाजारी

1225. **श्री सुरेश पचौरी** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इन तथ्यों की जानकारी है कि दोहरी मूल्य प्रणाली

के कारण रसोई गैस की व्यापक तौर पर कालाबाजारी हो रही है और इसके परिणामस्वरूप आम उपभोक्ताओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में क्या प्रयास किये गये हैं ; और

(ग) क्या सरकार घरेलू गैस के संबंध में दोहरी मूल्य प्रणाली को समाप्त करने पर विचार करेगी ; यदि नहीं, तो क्या अलग उपभोक्ता श्रेणियों के लिए अलग किस्म के सिलेंडर बनाये जायेंगे ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में उपमंत्री (श्री रफ़ीक आलम) : (क) घरेलू उपभोक्ताओं के लिए निर्दिष्ट एल० पी० जी० सिलिण्डरों के बेईमान तत्वों द्वारा अनधिकृत रूप से वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को दिये जाने की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता । एल० पी० जी० की थोक उपलब्धता में कमी, तथा आवागमन, औद्योगिक संबंधों और अन्य परिचालन संबंधी रुकावटों के कारण पिछले तीन चार महीनों के दौरान दिल्ली के कुछ भागों में एल० पी० जी० के रिफिलों की सप्लाई में अस्थायी रूप से कमी आई है ।

(ख) ऐसी तात्कालिक रुकावटों को दूर करने के लिए पहले से ही कदम उठाए गए हैं । दिल्ली में रिफिलों की सप्लाई की स्थिति इस समय संतोषजनक है ।

(ग) एल० पी० जी० की दोहरी कीमत प्रणाली को समाप्त करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है । गैर घरेलू प्रयोगकर्ताओं के लिए 19 किलोग्राम क्षमता के सिलिण्डर आरम्भ करने का तेल उद्योग का प्रस्ताव है । गैर-घरेलू उपभोक्ताओं को इस समय रंगीन पट्टी वाले सिलिण्डर दिए जा रहे हैं ।

प्राकृतिक गैस की उपलब्धता और मांग

1226. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में प्राकृतिक गैस की उपलब्धता और मांग के संबंध मे वर्तमान स्थिति क्या है ; और

(ख) इसका आयात किये जाने के क्या कारण है और इसकी उपयुक्त रूप से आपूर्ति किये जाने के लिये क्या प्रयास किये जा रहे है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में उपमंत्री (श्री रफीक आलम) : (क) वर्ष 1986–87 के दौरान देश में प्राकृतिक गैस का उत्पादन लगभग 27 मिलियन घन मीटर प्रतिदिन था । यह मात्रा वर्तमान उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने के लिये पर्याप्त थी ।

(ख) प्राकृतिक गैस का आयात नहीं किया जाता ।

Execution of Kameng Power Project

1227. SHRIMATI OMEM MOYONG DEORI: Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether the Arunachal Pradesh Government has expressed its willingness to the Central Government to execute the Kameng Power Project in the State Sector; if so, what are the details thereof; and

(b) the action Government have taken in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF POWER IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRIMATI SUSHILA ROHATGI):